Roll No. ....................

# 11001

## कक्षा 11वीं वार्षिक परीक्षा, 2024-25

[051]

# HINDI

# हिन्दी

[Total No. of Questions: 23] [Total No. of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 80]

*निर्देश –*

*(i)* *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii)* *प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।*

*(iii)* *प्रश्न क्रमांक 01 से 05 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप–प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।*

*(iv)* *प्रश्न क्रमांक 06 से 15 तक कुल 10 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।*

*(v)* *प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।*

*(vi)* *प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।*

*(vii)* *प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

प्र.1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए – (1X6=6)

(i) मीरा अपना सर्वस्व मानती है –

(अ) राम को (ब) विष्णु को

(स) राजा रावल को (द) कृष्ण को

(ii) वीर रस का स्थायी भाव है –

(अ) उत्साह (ब) विस्मय

(स) निर्वेद (द) शोक

(iii) मियाँ नसीरुद्दीन शब्द चित्र लिया गया है –

(अ) दिलो दानिश से (ब) जिदगीनामा से

(स) बादलों के घेरे से (द) हम–हशमत से

(iv) शब्द शक्ति के प्रकार हैं –

(अ) दो (ब) सात

(स) तीन (द) चार

(v) कुई की खुदाई की जाती है –

(अ) कुल्हाडी से (ब) फावड़ा से

(स) बसौली से (द) छैनी–हथौड़ा से

(vi) किसी भी फिल्म या धारावाहिक की कथा को कहा जाता है?

(अ) पटकथा (ब) लोककथा

(स) नई कथा (द) चित्रकथा

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए – (1×6=6)

(i) कबीर ........................................धारा के कवि हैं। (निर्गुण / सगुण)।

(ii) काव्य में बिम्ब को........................................माना जाता है। (चलचित्र / शब्दचित्र)

(iii) 'गलता लोहा' एक........................................है। (कहानी / निबंध)

(iv) ऐसे शब्द जो क्षेत्र विशेष में बोले जाते हैं........................................कहलाते हैं।

(क्षेत्रीय शब्द / तकनीकी शब्द)

(v) कलाओं का स्वर्णयुग........................................को माना जाता है। (मौर्यकाल / गुप्तकाल)।

(vi) ऑल इण्डिया रेडियो की स्थापना सन्........................................में हुई। (1936 / 1922)

प्र.3 निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए – (1×6=6)

(i) सबसे खतरनाक होता है हमारे सपनों का मर जाना।

(ii) महाकाव्य में सम्पूर्ण जीवन का चित्रण होता है।

(iii) 'गोदान' प्रेमचन्द की रचना है।

(iv) संक्षेपण का अर्थ विस्तार है।

(v) 'आलो–आँधारि' मूलतः पंजाबी में लिखी गई है।

(vi) डायरी नितान्त अंतरंग रचना है।

प्र.4 सही जोड़ी का मिलान कर लिखिए – (1×7=7)

| | स्तम्भ (अ) | | स्तम्भ (ब) |
|---|---|---|---|
| (i) | चिराग मयस्सर नहीं है | (क) | लता मंगेशकर |
| (ii) | धरती | (ख) | 24 मात्राएँ |
| (iii) | रोला छंद | (ग) | चौथा |
| (iv) | रजनी | (घ) | तीन |
| (v) | रचना के आधार पर वाक्य के प्रकार | (ङ) | मन्नू भंडारी |
| (vi) | स्वर कोकिला | (च) | त्रिलोचन |
| (vii) | पत्रकारिता लोकतंत्र का स्तम्भ है | (छ) | शहर के लिए |

प्र 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक एक वाक्य में लिखिए – (1×7=7)

(i) कबीर ने कुम्हार को किसका प्रतीक माना है?

(ii) काव्य की शोभा बढ़ाने वाले तत्त्व क्या कहलाते हैं?

(iii) लॉर्ड कर्जन ने भारत के किस प्रदेश का विभाजन किया था?

(iv) फीचर फिल्म 'पाथेर पांचाली' किस सन् में प्रदर्शित हुई?

(v) निपात किसे कहते हैं?

(vi) धरातल पर बहने वाले पानी को क्या कहते हैं?

(vii) हिन्दी शब्दकोष में लगभग कितने शब्द हैं?

प्र 6 रामभक्ति धारा की दो विशेषताएँ लिखिए। (2)

**अथवा**

प्रयोगवादी काव्य की दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र 7 अपना घर से क्या तात्पर्य है? इसे भूलने की बात क्यों कही गई है? (2)

**अथवा**

चँपा ने ऐसा क्यों कहा कि कलकत्ता पर बजर गिरे?

प्र 8 वक्रोक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। (2)

**अथवा**

ओजगुण की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.9 हिन्दी के दो खण्डकाव्य एवं उनके रचनाकारों के नाम लिखिए। (2)

**अथवा**

महाकाव्य की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र 10 रेखाचित्र किसे कहते हैं? एक रेखाचित्र का नाम लिखिए। (2)

**अथवा**

जीवनी और आत्मकथा में दो अन्तर लिखिए।

प्र.11 भारत की चर्चा नेहरू जी कब और किससे करते थे? (2)

अथवा

मियाँ नसीरुद्दीन को नानबाइयों का मसीहा क्यों कहा गया है?

प्र.12 लोकोक्ति का अर्थ स्पष्ट करते हुए कोई एक उदाहरण लिखिए। (2)

अथवा

शब्द युग्म किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.13 निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित करके लिखिए – (2)

(i) मेरे जीवन का उद्देश्य समाज सेवा है। (मिश्र वाक्य)

(ii) जो छात्र परिश्रम करेंगे, उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। (सरल वाक्य)

अथवा

निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए –

(i) नौकाएँ नदी में तैर रही हैं।

(ii) वह दुकानदार के पास जाओ।

प्र.14 भारतीय कलाओं और भारतीय संस्कृति में आप किस तरह का सम्बन्ध पाते हैं? लिखिए। (2)

https://www.mpboardonline.com

अथवा

कुंई का मुँह छोटा रखने के कोई दो कारण लिखिए।

प्र.15 संचार क्या है? संचार के कोई दो तत्त्व लिखिए। (2)

अथवा

संपादन का क्या अर्थ है? संपादन के दो सिद्धान्त लिखिए।

प्र.16 दुष्यंत कुमार अथवा मीरा का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (3)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भावपक्ष–कलापक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.17 बाल मुकुंद गुप्त अथवा कृशन चंदर का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (3)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा–शैली

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.18 'अभ्यास का महत्त्व' पर अनुच्छेद लिखिए। (3)

**अथवा**

'चरित्र सबसे बड़ा धन है' का भाव पल्लवन कर लिखिए।

प्र.19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश अथवा पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (3)

जीवन में सफल वही होता है, जो उपयुक्त चुनाव करना जानता है। चुनाव करने में तनिक भी भूल–चूक होने से हानि सुनिश्चित होती है। कुछ चुनाव हमारे वश में नहीं होते जैसे – माता–पिता का, जन्म–मृत्यु का आदि; किन्तु कुछ चुनाव हमारे वश में होते हैं, जिन पर हमारी सफलता–असफलता निर्भर करती है; जैसे – अच्छी–बुरी संगति का चुनाव, आलस्य और परिश्रम का चुनाव आदि। संगति का चुनाव इन सब चुनावों में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण होता है क्योंकि इस चुनाव पर हमारा आचरण, कर्म, विचार, भाषा, स्तर, मनुष्यता और हमारी सफलता–असफलता निर्भर करती है। मनुष्य का चित्त बुराईयों और बुरे लोगों की ओर जल्दी आकृष्ट होता है। जिस तरह पानी सदा नीचे की ओर जाता है, उसी तरह मनुष्य का मन भी बुराइयों की ओर शीघ्र भागता है। जिस प्रकार ऊँचाई तक जाने में कष्ट उठाना पड़ता है, उसी प्रकार अच्छाई की ओर जाने में परिश्रम करना पड़ता है। हम विवेक से काम लेकर अच्छे और बुरे का चुनाव कर सकते हैं और इसी विवेक के आधार पर जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**प्रश्न –**

(i) जीवन में सफल कौन होता है?

(ii) किसका चुनाव हमारे वश में नहीं होता है?

(iii) मनुष्य का चित्त किस ओर जल्दी आकृष्ट होता है?

अथवा

पैदा करती कलम विचारों के जलते अंगारे,
और प्रज्जवलित प्राण देश क्या कभी मरेगा मारे?
लहू गर्म करने को रक्खो मन में ज्वलित विचार,
हिंसक जीव से बचने को चाहिए किंतु तलवार।
एक भेद है और जहाँ निर्भय होते नर–नारी
कलम उगलती आग, जहाँ अक्षर बनते चिंगारी
जहाँ मनुष्यों के भीतर हरदम जलते हैं शोले
बातों में बिजली होती, होते दिमाग में गोले।
जहाँ लोग पालते लहू में हलाहल की धार
क्या चिंता यदि वहाँ हाथ में हुई नहीं तलवार?

प्रश्न –

(i) उपर्युक्त काव्यांश का शीर्षक लिखिए।

(ii) 'कलम' किस बात की प्रतीक है?

(iii) तलवार की आवश्यकता कहाँ पड़ती है?

20 निम्नलिखित पद्यांश का सन्दर्भ, प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए – (4)

सबसे खतरनाक वह दिशा होती है
जिसमें आत्मा का सूरज डूब जाए
और उसकी मुर्दा धूप का कोई टुकड़ा
आपके जिस्म के पूरब में चुभ जाए।

अथवा

हे सजीले हरे सावन
हे कि मेरे पुण्य पावन
तुम बरस लो वे न बरसें
पाँचवें को वे न तरसें

प्र.21 निम्नलिखित गद्यांश की सन्दर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – (4)

ऐसा मनुष्य जिसके पास असाध्य साधन करने वाला धन और अनन्य वाचालता हो, वह क्यों कानून के पंजे में आए। प्रत्येक मनुष्य उनसे सहानुभूति प्रकट करता था। बड़ी तत्परता से इस आक्रमण को रोकने के निमित्त वकीलों की एक सेना तैयार की गई। न्याय के मैदान में धर्म और धन में युद्ध ठन गया।

**अथवा**

सजा पाने वाले को ही अपने लिए हथियार भी जुटाना होता था, और जाहिर है, बलि का बकरा अपने से अधिक मास्टर के संतोष को ध्यान में रखकर टहनी का चुनाव ऐसे करता जैसे वह अपने लिए नहीं बल्कि दूसरे को दंडित करने के लिए हथियार का चुनाव कर रहा हो।

प्र.22 सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र. भोपाल को 10वीं की अंकसूची की द्वितीय प्रति प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र लिखिए। (4)

**अथवा**

अपने मित्र पंकज को अपने बड़े भाई की शादी में आमंत्रित करने हेतु एक पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित निबन्ध लिखिए – (4)

(i) मेरे सपनों का भारत

(ii) जीवन में खेलों का महत्त्व

(iii) जल ही जीवन है

(iv) विद्यार्थी जीवन और अनुशासन

(v) इन्टरनेट : आज के जीवन की आवश्यकता

-----------------------------------